हरियाणा आत्मनिर्भर कपड़ा नीति-2022

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2022 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में एमएसएमई के माध्यम से टेक्सटाइल उद्योग को भी बढ़ावा देने तथा अधिक-से-अधिक युवाओं को रोज़गार दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में जल्द ही 'हरियाणा आत्मनिर्भर कपड़ा नीति-2022' लागू की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने यह जानकारी नई दिल्ली में 'हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति-2022' के प्रारूप को लेकर आयोजित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक के बाद दी।
- बैठक में 'हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति-2022' के लक्ष्य, उद्यमिता विस्तार, निवेश, रोज़गार सृजन, अनुदान, टेक्सटाईल पार्क व अन्य संदर्भित विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही 'राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन' के संदर्भ में भी विमर्श हुआ।
- उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 'हरियाणा आत्मनिर्भर वस्त्र नीति-2022' के प्रारूप पर मंत्रिमंडलीय उप-समिति द्वारा गहन विचार-विमर्श किया गया है। अब इस नीति को अनुमोदन के लिये मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।
- वर्ष 2025 तक की समयावधि के लिये तैयार की गई इस नीति से करीब 4 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश तथा 20 हज़ार युवाओं को रोज़गार मिलने का अनुमान है।
- इस नीति के अंतर्गत टेक्निकल टेक्सटाइल को विशेषरूप से प्रोत्साहित कर विस्तार दिया जाएगा। सिंथेटिक फाईबर व रिजेनरेटेड फाईबर ईकाइयों को प्रोत्साहित किया जाना भी इस नीति में शामिल किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-self-reliant-textile-policy-2022